खबर संक्षेप

रेव पार्टी कर रहे 11 विदेशी युवक-युवतियों को पकड़ा

नोएडा। उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में रेव पार्टी कर रहे सात विदेशी पुरुष और 4 विदेशी मूल की युवतियों समेत 11 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। रात के समय ये लोग बिना किसी अनुमति के पार्टी कर रहे थे। पुलिस ने सात पुरुष और 4 महिलाओं को मौके से गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से विदेशी ब्रांड की शराब भी बरामद की गई है। सूरजपुर पुलिस ने यूपीएसआईडीसी क्षेत्र के एक मकान में देर रात छापा मार कर रेव पार्टी करने वाले 11 विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया, जबकि लगभग 50 अन्य फरार हो गए।

झारखंड में साक्षी महाराज को जबरन किया क्वारेंटाइन

रांची। उत्तर प्रदेश के उन्नाव से सांसद साक्षी महाराज को झारखंड में क्वारनटीन किया गया है। गिरिडीह शहर में धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद साक्षी महाराज धनबाद लौट रहे थे। उनकी गाड़ी को गिरिडीह जिला प्रशासन ने रोका और साक्षी महाराज को क्वारेंटाइन में रहने का निर्देश दिया। एसडीएम के निर्देश पर साक्षी महाराज को क्वारेंटाइन किया गया है। सांसद साक्षी महाराज गिरिडीह के शांतिभवन आए थे। जहां से वह धनबाद जा रहे थे। रास्ते में पीरटांड़ थाना के पास बैरिकेड लगाकर उनके वाहन को रोक दिया गया और उन्हें जबरन क्वारेंटाइन कर दिया ।

मेरठ जनपद में युवक की गोली मारकर हत्या

मेरठ। उत्तर प्रदेश में मेरठ जनपद के दौराला थाना क्षेत्र में मंदारीपुर गांव के पास एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि कपसाड गांव निवासी कुलदीप रविवार को बाइक पर अपने दोस्त के साथ पैसे लेने गया था। इसी दौरान हमलावरों ने गोली मार दी। पुलिस ने घायल युवक को मोदीपुरम के एसडीएस अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

बिहार की विपक्षी राजनीति में फिर दिखाई दिया नया ट्विस्ट

लालू के हस्तक्षेप के बाद रघुवंश प्रसाद की नाराजगी दूर करने के लिए रामा की राजद में एंट्री पर लगी रोक

एजेंसी ▶▶ पटना

राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) नेता और पूर्व सांसद रघुवंश प्रसाद सिंह की नाराजगी की वजह से पूर्व लोक जनशक्ति पार्टी सांसद रामा सिंह के राजद में शामिल होने पर फिलहाल रोक लग गई है। इस घटना से बिहार की राजनीति में एक बार फिर नया ट्विस्ट आ गया है। रामा सिंह ने ऐलान किया था कि वे 29 अगस्त को राजद में शामिल हो जाएंगे, मगर राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद के निर्देश के बाद रामा सिंह के पार्टी में शामिल होने पर फिलहाल रोक लगा दी गई है। इस मामले में लालू प्रसाद के हस्तक्षेप के बाद रघुवंश प्रसाद को मनाने के प्रयास तेज हो गए हैं। उन पर पार्टी उपाध्यक्ष पद से दिया गया इस्तीफा वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा है।

खास बातें

- 29 को राजद में शामिल होने वाले थे रामा सिंह, टला कार्यक्रम
- रघुवंश प्रसाद पर बनाया जा रहा इस्तीफा वापस लेने का दबाव

एक-दूसरे के कट्टर विरोधी माने जाते हैं दोनों नेता

रघुवंश प्रसाद सिंह और रामा सिंह बिहार की राजनीति में एक दूसरे के कट्टर प्रतिद्वंदी माने जाते हैं। ऐसे में जब खबरें आनी शुरू हुईं कि रामा सिंह राजद में शामिल हो सकते हैं, तो इससे नाराज होकर जून में रघुवंश प्रसाद सिंह ने पार्टी के उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद से ही उन पर अपना इस्तीफा वापस लेने का दबाव डाला जा रहा है, लेकिन उन्होंने अब तक अपना इस्तीफा वापस नहीं लिया है।

तेजप्रताप ने कहा राजद समंदर रघुवंश प्रसाद महज एक लोटा पानी

रघुवंश प्रसाद की नाराजगी को लालू के बड़े बेटे तेज प्रताप ने यह कह कर और भड़का दिया कि राष्ट्रीय जनता दल एक समंदर की तरह है, जबकि रघुवंश प्रसाद एक लोटा पानी। तेज प्रताप के इस बयान को बाद रघुवंश प्रसाद के राजद में बने रहने पर एक बार फिर शंका पैदा हो गई। खबर है कि रघुवंश प्रसाद का जेडीयू में जाना लगभग तय है।

बयानबाजी के लिए लालू ने ली बड़े बेटे की क्लास

रघुवंश प्रसाद राज्य के बड़े ठाकुर चेहरा माने जाते हैं, जिनकी राज्य में काफी आबादी है। राज्य में एनडीए के मुकाबले अपने आपको कमजोर स्थिति में पा रही राजद ऐसे नाजुक समय में उन्हें पार्टी से जुदा नहीं होने देना चाहती। राजद में कम से लालू प्रसाद उनके पार्टी से जुड़े होने का मतलब जानते हैं। यही वजह रही कि लालू प्रसाद ने दो दिन पहले अपने बड़े बेटे तेज प्रताप को रांची बुलाकर उनकी क्लास ली।

मनाने के लिए तेजस्वी ने किया अस्पताल का दौरा, इस्तीफा वापस लेने का किया आग्रह

हाल ही में जब रघुवंश प्रसाद इलाज केलिए दिल्ली गए तो उन्हें मनाने के लिए तेजस्वी भी पीछे-पीछे दिल्ली पहुंचे थे। तेजस्वी ने उन पर पार्टी उपाध्यक्ष पद से दिया गया इस्तीफा वापस लेने का जोर दिया। हालांकि रघुवंश प्रसाद ने इस पर कोई जवाब नहीं दिया। उनके ऐसा नहीं करने को कई लोग उनकी पार्टी से संभावित विदाई से जोड़ कर देख रहे हैं। कहा जाता है उनका राजद से पूरी तरह मोहभंग हो चुका है।

तेजस्वी व तेज प्रताप ने साधी चुप्पी

पिता की समझाइश के बाद राजद नेता तेजस्वी और तेज प्रताप दोनों ने रामा सिंह की एंट्री को लेकर पूछे जाने वाले सवालों पर अब चुप्पी साध ली है। रामा सिंह की एंट्री पर रोक से एक बात तय हो गई कि लालू प्रसाद ने इस मामले में सीधा हस्तक्षेप किया है। वह नहीं चाहते कि चुनाव के ठीक पहले रघुवंश प्रसाद सिंह राजद छोड़ें।

5 दिन पहले पॉजिटिव आई थी रिपोर्ट

अस्पताल से भागकर कोरोना संक्रमित सपा नेता ने पुल से कूदकर दी जान

एजेंसी ▶▶ बरेली

उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में सपा के पूर्व जिला सचिव रमन जौहरी ने शनिवार देर रात बरेली-नैनीताल हाईवे पर स्थित पुल से छलांग लगाकर खुदकुशी कर ली। 25 अगस्त को उनकी रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई थी। इसके बाद उन्हें भोजीपुरा के एसआरएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सपा नेता के सुसाइड से अस्पताल की भूमिका पर सवाल उठने लगे हैं। अब पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि अस्पताल में भर्ती होने के बावजूद जौहरी पुल तक कैसे पहुंचे। उनके अस्पताल से गायब होने की किसी को भनक नहीं लगी। वह जाने कब चुपचाप वहां से निकले और पुल से कूद कर खुदकुशी कर ली।

अस्पताल की खिड़की का शीशा तोड़कर बाहर निकले

एसओ भोजीपुरा मनोज त्यागी ने बताया कि साढ़े 12 बजे के करीब एसआरएम अस्पताल से थाने में जानकारी दी गई की एक कोरोना पॉजटिवि मरीज अस्पताल से भाग गया है।

इसके बाद परिवारवाले रमन जौहरी की गुमशुदगी लेकर थाने आए। कोरोना संक्रमति रमन जौहरी अस्पताल की खिड़की का शीशा तोड़कर रात साढ़े आठ बजे अस्पताल से बाहर आए थे। किसी राहगीर ने डायल 100 की टीम को पुल से नीचे एक व्यक्ति के पड़े होने की जानकारी दी थी। पुलिस की गश्ती टीम ने उनको जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनकी मौत हो गई। मृतक की पहचान रमन जौहरी के रूप में हुई।

घर पर किया फोन, कहा-जा रहा हूं...

रमन जौहरी, बरेली में कोहाड़ापीर के पास रहते थे। वह समाजवादी पार्टी में महानगर सचवि रहे थे। उन्होंने समाजवादी युवजन सभा के महानगर बरेली अध्यक्ष समेत कई अन्य पदों की जिम्मेदारी संभाल चुके थे। एक हफ्ता पहले उन्हें बुखार आया, जो दवा खाने के बाद भी कम नहीं हुआ। इस पर उन्होंने कोरोना की जांच कराई तो रिपोर्ट पॉजिटिव आई। इसके बाद ही उन्हें भोजीपुरा अस्पताल में भर्ती किया गया। करीबियों के अनुसार, शनिवार की शाम उन्होंने परिवार के एक सदस्य को फोन कर अस्पताल से लौटने की सूचना दी। परिजन जब तक अस्पताल पहुंचते उससे पहले ही रमन जौहरी ने अस्पताल से कुछ दूरी पर ओवरब्रिज से कूदकर खुदकुशी कर ली। भोजीपुरा पुलिस के मुताबकि, डायल 112 की गश्ती टीम को रमन भोजीपुरा स्टेशन से पहले दक्षिण केबिन के सामने लहूलुहान हालत में पड़े मिले थे। पुलिस उनको जिला अस्पताल ले गई, जहां उनकी मौत हो गई।

सीएम योगी ने कहा जब तक दवा नहीं मिलती, तब तक सुरक्षित रहें

मस्तिष्क ज्वर की तरह कोरोना को भी देंगे मात, महामारी से जंग में सावधानी अहम

अब सामान्य हो रहा जनजीवन, सभी सावधानियों का पालन करते हुए करें कामकाज

कोरोना महामारी के बीच वाराणसी यात्रा से सीधे गोरखपुर पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ ने जागरूकता को कोरोना वायरस से लड़ाई में सबसे अहम हथियार बताया। जब तक वैक्सीन नहीं मिलती, तब तक हमें यह बात ध्यान में रखनी होगी।

एजेंसी ▶▶ गोरखपुर

कोरोना महामारी के बीच गोरखपुर पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जागरूकता को कोरोना वायरस से लड़ाई में अहम हथियार बताया है। सीएम योगी ने कहा कि जब तक दवा उपलब्ध नहीं हो जाती, जागरूकता से ही कोरोना के खिलाफ लड़ाई जीती जा सकती है।

उन्होंने अपनी सरकार के कामकाज पर संतोष जताते हुए कहा कि राज्य में कोरोना पर अंकुश लगाने के लिए अब तक किए जाने वाले प्रयास सही दिशा हैं। उन्होंने कहा कि हम राज्य में डेढ़ लाख से ज्यादा कोरोना के टेस्ट कर रहे हैं। सामान्य नियमों का पालन करते हुए राज्य में कामकाज भी शुरु हो गया है। सभी लोग इन नियमों का पालन करते हुए कामकाज शुरु करें। हम सम्मिलित रूप से कोरोना को जल्दी ही मात देंगे।

खास बातें

- 25 करोड़ से अधिक आबादी वाले राज्य में 28 लाख लोग कोरोना वायरस से संक्रमित
- लाखों लोग लोग कोरोना संक्रमण से उबरे, इस समय राज्य में सात लाख एक्टिव केस

21 लाख उपचार के बाद ठीक हुए, मृत्यु दर में गिरावट

उन्होंने कहा करीब 25 करोड़ से अधिक आबादी वाले राज्य में 28 लाख लोग कोरोना वायरस से संक्रमित हो हुए। राज्य में स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह काम कररही हैं। यही वजह है कि इनमें से 21 लाख लोग उपचार के बाद पूरी तरह से स्वस्थ्य हो कर अपने घर जा चुके हैं। इस समय प्रदेश में सात लाख एक्टिव केस हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया के अन्य देशों की अपेक्षा जागरूकता कार्यक्रमों के कारण भारत पूरी तरह सुरक्षित स्थिति में है। यूपी में भी मृत्यु दर काफी कम है। सीएम योगी ने अमेरिका का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां 58 लाख पॉजिटिव केस हैं।

हमने बेहतर रणनीति के सहारे मस्तिष्क ज्वर से लड़ाई जीती

मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम (एईएस) की वैक्सीन नहीं बनी है, लेकिन जागरूकता से हमने स्थिति बदल डाली। राष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छ भारत मिशन योजना में 2 करोड़ शौचालय बनाए गए। उन्होंने कहा कि 40 साल से यह बेल्ट दिमागी बुखार से जूझता रहा है। इंसेफेलाइटिस की लड़ाई देश की लड़ाई है। इसकी भी चर्चा होनी चाहिए। सीएम योगी ने कहा कि 2017 में स्वास्थ्य विभाग ने अंतर विभागीय कार्ययोजना बनाकर इसके खिलाफ मुहिम शुरू की। एईएस में साल 2016 से 2020 के आंकड़े देखिए तो काफी कमी स्पष्ट नजर आती है। जापानी इंसेफेलाइटिस में भी इसी तरह कमी आई है। उन्होंने दावा किया कि इंसेफेलाइटिस पर प्रभावी अंकुश लगाने में हमें सफलता प्राप्त हुई है।

जमीनी काम से मौत के आंकड़ों में 95 फीसदी कमी

सीएम योगी ने दावा किया कि जमीनी स्तर पर काम करने के कारण मौत के आंकड़ों में चार साल के भीतर 95 फीसदी की कमी आई है। उन्होंने कहा कि संचारी रोगों को भी नियंत्रित किया गया है। स्वच्छता और सैनिटाइजेशन को प्रमुखता से लागू किया गया। कोरोना से लड़ाई में भी हम सफल होंगे। सीएम योगी ने कहा कि जो मासूम तड़पकर काल के गाल में समा जाते थे, सभी मिलकर एक-दो साल में सफलता की कहानी दुनिया के सामने रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे सम्मिलित प्रयासों से अब संचारी रोगों पर प्रभावी अंकुश लगा है।

हमारी दिशा सही, इसी लिए आए अच्छे नतीजे

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ये नतीजे हमें कोरोना संक्रमण से लड़ने का हौसला देते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में कोरोना मरीजों के उपचार के लिए सभी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। प्रतिदिन डेढ़ लाख से अधिक लोगों के कोरोना टेस्ट किए जा रहे हैं। जिन लोगों में संक्रमण की पुष्टि होती है, उनका कोरोना सेंटरों पर समुचित उपचार किया जा रहा है। प्रशासनिक अमला कोरोना नियंत्रण के लिए जारी दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करा रहा है, ताकि इसके जानलेवा प्रसार को नियंत्रित रखा जाए।

लालू से मिलकर लौट रहे दो राजद नेताओं की हादसे में मौत

एजेंसी ▶▶ सहरसा

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले राजद के लिए बुरी खबर आई है। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव से मिलकर रांची से वापस लौट रहे पार्टी के सहरसा इकाई के नेताओं की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस सड़क दुर्घटना में दो नेताओं की मौत हो गई, वहीं एक बुरी तरह से घायल है। घायल को इलाज के लिए निकट के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि उनकी कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े भारी वाहन से जा टकराई जिसके बाद वे दुर्घटना का शिकार हो गए।

राजद नेता विजेंद्र यादव की मौके पर मौत

मिली जानकारी के मुताबिक, घटना आज सुबह हजारीबाग के समीप बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत बरसोत एमएच जीटी रोड की है,

जहां अनियंत्रित होकर कार खड़े भारी वाहन में जाकर टकरा गई। इसके बाद आल्टो गाड़ी संख्या बीआर-10एएफ-4354 पर सवार तीन लोग बुरी तरह जख्मी हो गए। तत्काल स्थानीय लोगों व बरही पुलिस के सहयोग से उन्हें बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। जहां बिहार के सहरसा निवासी वरिष्ठ राजद नेता विजेंद्र यादव (60 वर्षीय) की मौत हो गई।

छोटेलाल की रास्ते में मौत, योगेंद्र राम की स्थिति नाजुक

घटना में शामिल अन्य दो लोगों की स्थिति गम्भीर होने के कारण तत्काल उन्हें हजारीबाग रेफर कर दिया गया है। घायलों में सहरसा के ही योगेंद्र राम और छोटेलाल यादव शामिल हैं। छोटेलाल यादव की मौत हजारीबाग जाने के दौरान हो गई। वहीं योगेंद्र राम की स्थिति नाजुक बनी हुई है। विजेंद्र यादव, सहरसा के पूर्व जिला पार्षद सह राजद नेता बिहरा थाना के बिजलपुर निवासी हैं। कोशी क्षेत्र में ये राजद के कद्दावर नेता माने जाते रहे हैं।

सोरेन ने कहा सावधानी बरतें, फिर लॉकडाउन लागू न करना पड़े

झारखंड में कल से शुरू होगी बस सेवा गाइडलाइन का सख्ती से कीजिए पालन

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी नागरिकों से संक्रमण के रोकथाम के लिए सरकार की ओर से बताए गए उपाय का पालन करने की अपील की। सोरेन ने कहा कि पूरी सावधानी बरतें, कहीं ऐसा न हो कि फिर से लॉकडाउन लागू करने की जरूरत पड़ जाए। राज्य सरकार ने राज्य के अंदर 1 सितंबर से यात्री बसों के परिचालन को लेकर शनिवार को विस्तृत गाइडलाइन जारी की है। इसके तहत कोरोना पॉजिटिव किसी भी व्यक्ति को, रिपोर्ट नेगेटिव आने तक यात्रा की अनुमति नहीं मिलेगी। वहीं यात्रा करने वाले सभी लोगों, चालक एवं सहचालक के लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

मास्क, फेस कवर और ग्लब्ज अनिवार्य

परिवहन विभाग द्वारा जारी विस्तृत दिशा निर्देश के अनुसार, यात्री बसों को रूट परमिट प्राप्त होना चाहिए और निर्धारित ठहराव पर ही यात्री बसें रुकेगी। वहीं सभी यात्रियों को मास्क, फेस कवर और ग्लब्स लगाना अनिवार्य होगा, लेकिन फेस शील्ड पहनना सबसे सुरक्षित होगा। ड्राइवर और कंडक्टर के लिए मास्क के साथ फेस शील्ड पहनना अनिवार्य होगा। वहीं वाहनों में बैठने के समय सोशल डिस्टेसिंग का पालन करना अनिवार्य होगा।

बस की सीट के अनुपात में आधी संख्या में बैठेंगे यात्री

यात्रा करने वाले सभी लोगों को सलाह दी गई है कि वे घर पहुंचने पर कपड़े बदल कर उन्हें साफ कर स्नान जरूर करें, बसों में सैनिटाइजर रखना होगा और प्रत्येक बार नए यात्री के बैठने के पहले सीटों को सैनिटाइज करना होगा। वाहनों की रेलिंग का कम से कम उपयोग करने की सलाह दी गई है। साथ ही 65वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों, बीमार लोगों, गर्भवती महिलाओं व 10वर्ष से कम आयु के बच्चों को भी आवश्यक सेवाओं व स्वास्थ्य प्रयोजनों को छोड़ कर घर पर रहने की सलाह दी गई है। बस में आधी संख्या में यात्रियों को बैठाया जाएगा।

पेज 01 का शेष...

रिटेल 'किंग' बने मुकेश...

कंपनी की टैगलाइन 'सबसे सस्ता, सबसे अच्छा' ने घर-घर पहचान दिलाई। लेकिन रिटेल किंग कहे जाने वाले किशोर बियानी अब अपने इस कारोबार को मुकेश अंबानी के हाथों बेच दिया है। किशोर बियानी एक सफल भारतीय कारोबारियों में गिने जाते हैं। 2019 से पहले उनका कारोबार तेजी से फैल रहा था। किशोर बियानी का फ्यूचर ग्रुप वित्तीय संकट में इस साल की शुरूआत में आया। यह तब हुआ जब फ्यूचर रिटेल कर्ज के भुगतान में फेल हो गई। इसके बाद बैंकों ने कंपनी के गिरवी रखे शेयरों को जब्त कर लिया। साल 2019 में फोर्ब्स की लिस्ट में किशोर बियानी 80वें नंबर के सबसे अमीर बिजनेसमैन थे। लेकिन अब कर्ज उतारने के लिए उन्होंने अपना बड़ा कारोबार रिलायंस रिटेल एंड फैशन लाइफस्टाइल लिमिटेड को 24713 करोड़ रुपए में बेच दिया है। इस डील के साथ ही किशोर बियानी के ऊपर रिटेल किंग का तमगा भी हट जाएगा। गौर हो कि भारत का रीटेल सेक्टर करीब 700 अरब डॉलर (50 लाख करोड़ रुपए का है)। मुकेश अंबानी अब इसके बेताज बादशाह बन गए हैं।

भ्रष्ट व अयोग्य कर्मचारियों..

तहत केंद्र सरकार ने सरकारी सेवा में 30 साल पूरे कर चुके या 50-55 साल की उम्र के कर्मचारियों की सेवा रिकॉर्ड की जांच करने के लिए कहा है। केंद्र सरकार ने कहा है कि 30 साल पूरे कर चुके या 50-55 साल की उम्र के सरकारी कर्मचारियों की सर्विस रिकॉर्ड में अक्षमता और भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच हो। इससे 49 लाख कर्मचारी-अधिकारियों के पसीने छूट गए हैं।

समीक्षा कमेटी के

पर भेजा जाता है वे आदेश के जारी होने की तिथि से तीन सप्ताह के भीतर समिति के समक्ष अपना पक्ष रख सकता है। इस बाबत डीओपीटी ने नियमों का सख्ती से पालन का आदेश दिया है।

दो सदस्यीय कमेटी बनाई,...

लिए प्रतिनिधि समिति गठित की है। इसमें उपभोक्ता मामलों के विभाग की सचिव लीना नंदन और कैबिनेट सचिवालय के जेएस आशुतोष जिंदल को सदस्य बनाया गया है। आवधिक समीक्षा का समय जनवरी से मार्च, अप्रैल से जून, जुलाई से सितंबर और अक्तूबर से दिसंबर तक तय किया गया है।

जनहित में समय

कर्मचारी को एफआर 56(जे)/रूल्स-48 (1)(बी)ऑफ सीसीएस (पेंशन) रूल्स-1972 नियम के तहत रिटायर कर सकता है। बशर्ते वह केस जनहित के लिए आवश्यक हो। इस तरह के मामलों में संबंधित कर्मचारी को तीन माह का अग्रिम वेतन देकर रिटायर कर दिया जाता है। कई मामलों में उन्हें तीन महीने पहले अग्रिम लिखित नोटिस भी देने का नियम है।

- ग्रुप 'ए' और 'बी' में तदर्थ या स्थायी क्षमता में कार्यरत किसी कर्मी ने 35 साल की आयु से पहले सरकारी सेवा में प्रवेश किया है तो उसकी आयु 50 साल पूरी होने पर या तीस वर्ष सेवा के बाद, जो पहले आती हो, रिटायरमेंट का नोटिस दिया जा सकता है।
- अन्य मामलों में 55 साल की आयु के बाद का नियम है। अगर कोई कर्मी ग्रुप 'सी' में है और वह किसी पेंशन नियमों द्वारा शासित नहीं है, तो उसे 30 साल की नौकरी के बाद तीन माह का नोटिस देकर रिटायर किया जा सकता है। रूल्स-48 (1) (बी) ऑफ सीसीएस (पेंशन) रूल्स-1972 नियम के तहत किसी भी उस कर्मचारी को, जिसने तीस साल की सेवा पूरी कर ली है, उसे भी सेवानिवृत्ति दी जा सकती है। इस श्रेणी में वे कर्मचारी शामिल होते हैं, जो पेंशन के दायरे में आते हैं। ऐसे कर्मियों को रिटायरमेंट की तिथि से तीन महीने पहले नोटिस या तीन महीने का अग्रिम वेतन और भत्ते देकर उसे सेवानिवृत्त किया जा सकता है। खास बात है कि इन केसों में भी जनहित के नियम को देखा जाता है।

कोरोना संक्रमण के

कोई बात नहीं है। इस एक्सरसाइज के दौरान 30 लाख से अधिक अधिकारी देश के अलग-अलग गांवों में जाकर एक-एक घरों का दौरा करते हैं। अभी तक जनगणना-2021 के पहले चरण और एनपीआर अपडेट को लेकर कोई फैसला नहीं लिया गया है। लेकिन यह तय है कि जिस तरह से हाल के दिनों में पूरे देश में कोरोना के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, यह अभ्यास अब 2020 में नहीं होगा। हालांकि पहले यह तय किया गया था कि पूरे देश में जनगणना के लिए हाउस-लिस्टिंग फेज और एनपीआर को अपडेट करने की प्रक्रिया 1 अप्रैल से 30 सितंबर, 2020 तक होगी।

हर बूथ पर 70 पौधरोपण:

चलाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 70वें जन्मदिन पर 70 वर्चुअल कॉन्फ्रेंस आयोजित होंगे जिनमें प्रधानमंत्री के मिशन और उनके जीवन के बारे में जानकारी दी जाएगी।

भदोही में दो दिन में दूसरी बड़ी घटना

तालाब में डूबने से दो चचेरे भाइयों की मौत, रिश्तेदार की हालत गंभीर

एजेंसी ▶▶ भदोही

यूपी के भदोही में दो दिन के अंदर दूसरी दर्दनाक घटना सामने आई है। एक तालाब में नहाते समय दो किशोर और एक युवक डूब गया। इनमें दो की मौत हो गई, जबकि तीसरे को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।ज्ञानपुर क्षेत्र के पीपरगांव गांव के तीन किशोर तालाब में नहाने गए थे। नहाते समय प्रेम शंकर पांडे के बेटे पंकज पांडे(16) और जयशंकर पांडे के बेटे अंकित पांडे(12) की डूबने से मौत हो गई।

शनिवार को हुई मां-बेटे की मौत

भदोही जिले के चौरी थाना क्षेत्र के गोटइयां गांव में तालाब में डूब रहे 10 साल के बेटे को बचाने के लिए मां भी कूद गई और दोनों की डूबने से मौत हो गई। चौरी क्षेत्र के अर्जुनपुर गांव निवासी नसीम अहमद की पत्नी नासरीन (34) शनिवार सुबह करीब 10 बजे अपने दो बच्चों को लेकर पड़ोसी गांव गोटइयां के तालाब पर कपड़ा धोने गई थी। इस दौरान उसका 10 वर्षीय बेटा शुकनू तालाब में नहाने लगा, जबकि तीन साल की बेटी गुड़िया मां के पास ही बैठी थी। नहाते समय शुकनू गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। जिसे बचाने के लिए मां ने भी तालाब में छलांग लगा दी।

सिद्ध मैनेजमैंट कॉर्पोरेट सर्विसेस लिमिटेड
CIN: L65999DL1985PLC019846
पंजीकृत कार्यालयः ई-253, सरस्वतीकुंज अपार्टमैंट्स, 25, आई.पी. एक्सटैंशन, पटपड़गंज, नई दिल्ली-110092
ईमेलः info@sidhmanagement.in वेबसाइटः www.sidhmanagement.in

सार्वजनिक सूचना- 36वीं वार्षिक आम बैठक

कोविड-19 महामारी की स्थिति को देखते हुए, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) ने अपने परिपत्र दिनांक 5 मई, 2020 के साथ पठित परिपत्र दिनांक 8 अप्रैल, 2020 एवं परिपत्र दिनांक 13 अप्रैल, 2020 के माध्यम से विडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) या अन्य ऑडियो विडियो माध्यमों (ओएवीएम) के माध्यम से एजीएम' के आयोजन की अनुमति दी है। इन परिपत्रों एवं कंपनी अधिनियम, 2013 और सेबी (सूचियन दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकतायें) विनियमावली, 2015 के संगत प्रावधानों के अनुसरण में। सिद्ध मैनेजमैंट कॉर्पोरेट सर्विसेस लिमिटेड की 36वीं (छत्तीस) वार्षिक आम बैठक सोमवार, 28 सितंबर, 2020 को सुबह 11 बजे सूचना में निर्धारित व्यवसायों के निपटान हेतु विडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी)/अन्य ऑडियो विडियो साधनों (ओएवीएम) के माध्यम से आयोजित की जाएगी।

कथित परिपत्रों के अनुसार वित्त वर्ष 2019-2020 के लिए वार्षिक रिपोर्ट के साथ एजीएम की सूचना केवल उन सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भेजी जानी है जिनके ई-मेल आईडी पहले से ही कंपनी/डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के पास पंजीकृत हैं। कंपनी अपने सभी सदस्यों को पूर्व अभ्यास के समान ई-वोटिंग और रिमोट ई-वोटिंग सुविधा भी उपलब्ध करा रही है।

यदि आपकी ई-मेल आईडी पहले से ही कंपनी/डिपॉजिटरी के पास पंजीकृत है तो वित्त वर्ष 2019-2020 के लिए वार्षिक रिपोर्ट के साथ एजीएम की सूचना और ई-वोटिंग के लिए लॉगइन विवरण आपके पंजीकृत ई-मेल पते पर भेजे जाएंगे। यदि आपकी ई-मेल आईडी कंपनी/डिपॉजिटरी प्रतिभागी के पास पंजीकृत नहीं है तो कृपया वित्त वर्ष 2019-2020 के लिए वार्षिक रिपोर्ट और ई-वोटिंग के लिए लॉगइन विवरण प्राप्त करने के लिए अपनी ई-मेल आईडी पंजीकृत कराने के लिए निम्नलिखित निर्देशों का पालन करें।

भौतिक धारिता	फोलियो नम्बर, शेयरधारक का नाम, शेयर प्रमाणपत्र (आगे एवं पीछे) की स्कैन की गई कॉपी, पैन (पैन कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैन की गई कॉपी, आधार (आधार कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैन की गई कॉपी) उपलब्ध कराते हुए ई-मेल पता पंजीकृत कराने के लिए कंपनी के रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट के पास मैसर्स एड्रोइट कॉर्पोरेट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के info@adroitcorporate.com पर अनुरोध भेजें। **कृपया इसे सोमवार, 21 सितम्बर, 2020 तक या उससे पूर्व अपडेट कराएं।**
डिमैट धारिता	कृपया अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागी (डीपी) से सम्पर्क करें और डीपी द्वारा दी गई सलाह एवं प्रक्रिया के अनुसार अपना ई-मेल पता पंजीकृत कराएं। **कृपया इसे सोमवार, 21 सितम्बर, 2020 तक या उससे पूर्व अपडेट कराएं।**

एजीएम की सूचना और वित्त वर्ष 2019-2020 के लिए वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट www.sidhmanagement.in और एजीएम की सूचना स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइटों पर भी उपलब्ध होगी जिस पर कंपनी की प्रतिभूतियां को मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड www.msei.in पर सूचीबद्ध किया गया है। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से बैठक में शामिल होने वाले सदस्यों की गणना कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 103 के अंतर्गत कोरम के प्रयोजन हेतु की जाएगी।

कृते सिद्ध मैनेजमैंट कॉर्पोरेट सर्विसेस लिमिटेड
हस्ता/-
दिनेश शर्मा
पूर्ण-कालिक निदेशक
DIN: (07526355)
स्थानः दिल्ली
तिथिः 29.08.2020